## खबरों में रहे स्टॉक

### इंडियन बैंक




वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के दौरान लाभ पिछले साल के मुकाबले 7 प्रतिशत बढ़ा

₹ 849.0 पिछला बंद भाव
₹ 897.0 आज का बंद भाव
5.7 % ▲

### जायडस लाइफसाइंसेज




कई तरह के कैंसर के इलाज के लिए देश में निवोलुमैब का बायोसिमिलर पेश किया

₹ 876.1 पिछला बंद भाव
₹ 884.9 आज का बंद भाव
1.0 % ▲

### सीगल इंडिया




बिहार में एनएचएआई परियोजना पर सीगल इन्फ्रा की रही सबसे कम बोली

₹ 269.8 पिछला बंद भाव
₹ 277.1 आज का बंद भाव
2.7 % ▲

### रेलटेल कॉर्प ऑफ इंडिया

रक्षा मंत्रालय से 141 करोड़ रुपये का वर्क ऑर्डर हासिल किया

₹ 327.9 पिछला बंद भाव
₹ 336.1 आज का बंद भाव
2.5 % ▲

### एपीएल अपोलो ट्यूब्स

वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 43 प्रतिशत बढ़ा

₹ 1,877.9 पिछला बंद भाव
₹ 1,972.5 आज का बंद भाव
5.0 % ▲

## संक्षेप में

### ऑप्टिमिस्ट ने जुटाए 1.2 कराड़ डॉलर

प्रौद्योगिकी प्रधान कूलिंग स्टार्टअप कंपनी ऑप्टिमिस्ट ने ऐक्सल और अरकम वेंचर्स की अगुआई में सीड और प्री-सीरीज ए वाले दौर में 1.2 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। इसमें ऐंजल निवेशकों ने भी हिस्सा लिया। *बीएस*

### वित्तीय रिकॉर्ड मांगने के खिलाफ कोर्ट पहुंची ऐपल

ऐपल ने देश की एक अदालत से गुहार लगाई है। उसने प्रतिस्पर्धारोधी नियामक को ऐप स्टोर नीति की जांच के तहत उसके वैश्विक वित्तीय रिकॉर्ड मांगने से रोकने का अनुरोध किया है। उसने मूल कानून की वैधता को भी चुनौती दी है। अदालत के दस्तावेजों से यह जानकारी मिली है। ऐपल भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के साथ बड़े कानूनी विवाद में फंसी हुई है। *रॉयटर्स*

**दिसंबर में उड़ानों में हुई गड़बड़ी के मामले में की गई कार्रवाई**

# इंडिगो पर 22 करोड़ रुपये का जुर्माना, वरिष्ठ वीपी हटाए गए

**भाविनी मिश्रा**
नई दिल्ली, 22 जनवरी

केंद्र सरकार ने गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट को बताया कि पिछले साल दिसंबर की शुरुआत में उड़ानों में बड़े पैमाने पर हुई गड़बड़ी के मामले में उसने इंडिगो पर 22 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है और एयरलाइन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष को परिचालन से हटाने का निर्देश दिया है।

नियामक ने शनिवार को एक बयान में एयरलाइन के मुख्य कार्याधिकारी को फ्लाइट ऑपरेशंस और क्राइसिस मैनेजमेंट की अपर्याप्त निगरानी पर चेतावनी जारी की थी। यह चेतावनी अकाउंटेबल मैनेजर (सीओओ) को विंटर शेड्यूल 2025 और संशोधित एफडीटीएल सीएआर के असर का आकलन करने में नाकाम रहने के लिए जारी की गई, क्योंकि इससे उड़ानों में बड़े पैमाने पर बाधा पहुंची। सीनियर वाइस-प्रेसिडेंट (ओसीसी) को व्यवस्थागत नियोजन में नाकाम रहने और संशोधित एफडीटीएल नियमों को लागू करने में देरी पर भी चेतावनी दी, साथ ही उन्हें सभी परिचालन संबंधित जिम्मेदारियों से मुक्त करने और कोई भी जिम्मेदार भूमिका न दिए जाने का भी निर्देश दिया।

परिचालन, निगरानी, मानव श्रम नियोजन और रोस्टर मैनेजमेंट में कमियों के लिए फ्लाइट ऑपरेशंस के डिप्टी हेड, क्रू रिसोर्स प्लानिंग के एवीपी और फ्लाइट ऑपरेशंस के निदेशक को भी चेतावनी जारी की गई। इंडिगो को निर्देश दिया गया है कि वह अपनी अंदरूनी जांच में पहचाने गए किसी भी दूसरे कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई शुरू करे और डीजीसीए को इस संबंध में अनुपालना रिपोर्ट पेश करे।

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने गुरुवार को कोर्ट को बताया कि सुधार के उपायों का पालन सुनिश्चित करने और लंबे समय तक व्यवस्थागत अनुपालन के लिए एयरलाइन से कहा गया है कि वह एयरलाइन नियामक को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी दे। उन्होंने यह भी बताया कि एयरलाइन के दूसरे अधिकारियों को भी चेतावनियां जारी की गई हैं।

मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया के खंडपीठ को इस संबंध में जानकारी दी गई थी। इस खंडपीठ में उड़ानों में हुए व्यवधानों की जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई की जा रही है। सरकार ने सीलबंद लिफाफे में अपनी जांच रिपोर्ट भी अदालत में पेश की।

संक्षिप्त सुनवाई के बाद अदालत ने दो सप्ताह के अंदर रिकॉर्ड पर हलफनामे के जरिये केंद्र सरकार को अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी।

अधिवक्ता अखिल राणा और उत्कर्ष शर्मा की यह याचिका इंडिगो द्वारा 3 से 5 दिसंबर के बीच उड़ानों के बड़े पैमाने पर रद्द करने और देरी से संबंधित है।

## डीएलएफ के मुनाफे में 13.6 प्रतिशत इजाफा

**बीएस संवाददाता और भाषा**
नई दिल्ली/मुंबई, 22 जनवरी

**रियल** एस्टेट क्षेत्र की दिग्गज कंपनी कंपनी डीएलएफ ने वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही के दौरान समेकित शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 13.6 प्रतिशत का इजाफा किया है। यह बढ़ोतरी ज्यादा शुद्ध आय और परिचालन के दमदार प्रदर्शन की बदौलत हुई है। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट डेवलपर कंपनी ने 31 दिसंबर को खत्म तिमाही में 1,203.36 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि एक साल पहले यह 1,058.73 करोड़ रुपये था। परिचालनगत राजस्व बढ़कर 2,020 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के 1,529 करोड़ रुपये की तुलना में 42 प्रतिशत ज्यादा है। वित्त वर्ष 26 की अक्टूबर से दिसंबर की अवधि में कंपनी की शुद्ध आय एक साल पहले के 1,737.47 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 2,479.54 करोड़ रुपये हो गई। नई सेल्स बुकिंग में इजाफे के कारण ऐसा हुआ, जो वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में 419 करोड़ रुपये रही।

### वारी एनर्जीज का लाभ हुआ दोगुना

**वारी** एनर्जीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दोगुना होकर 1,106.79 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का गत वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में मुनाफा 506.88 करोड़ रुपये रहा था। वारी एनर्जीज ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में कुल आय 7,761.23 करोड़ रुपये रही जो 2024-25 की इसी अवधि की 3,545.27 करोड़ रुपये की आय से करीब दोगुना है। कंपनी को सौर फोटोवोल्टिक मॉड्यूल व्यवसाय से 6,989.56 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि गत वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 3,109.29 करोड़ रुपये था। इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) अनुबंधों से प्राप्त राजस्व 351.16 करोड़ रुपये से बढ़कर 838.21 करोड़ रुपये हो गया। निवर्तमान मुख्य कार्य अधिकारी अमित पैठांकर ने बयान में कहा कि वारी घरेलू बाजार की पहली विनिर्माता कंपनी है जिसने एक ही महीने में एक गीगावॉट से अधिक मॉड्यूल उत्पादन एवं बिक्री हासिल की है।

### ज़ी एंटरटेनमेंट का लाभ 5.4% घटा

**ज़ी** एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 5.37 प्रतिशत घटकर 154.8 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से परिचालन लागत में बढ़ोतरी के कारण कंपनी का लाभ कम हुआ है। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में उसने 163.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, आलोच्य तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय 14.6 प्रतिशत बढ़कर 2,298.5 करोड़ रुपये रही। कंपनी ने बताया कि फिल्मों के अधिकार खरीदने और आईएलटी (इंटरनैशनल लीग)20 लीग मैचों के कारण परिचालन लागत में इजाफा हुआ है। इस तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 20.3 प्रतिशत बढ़कर 2,087.4 करोड़ रुपये रहा। विज्ञापन क्षेत्र में सुस्ती और एफएमसीजी (दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली) कंपनियों द्वारा कम खर्च किए जाने से विज्ञापन राजस्व 9.4 प्रतिशत घटकर 851.5 करोड़ रुपये रहा।

### रेडिको खेतान का लाभ 62% उछला

**शराब** बनाने वाली कंपनी रेडिको खेतान लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 62.26 प्रतिशत बढ़कर 154.93 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि रिकॉर्ड तिमाही बिक्री के कारण उसके मुनाफे में यह उछाल आई है। रामपुर इंडियन सिंगल माल्ट व्हिस्की, जैसलमेर इंडियन क्राफ्ट जिन, मैजिक मोमेंट्स वोदका और '8 पीएम' जैसे ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी रेडिको खेतान ने शेयर बाजार को बताया कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 95.48 करोड़ रुपये रहा था।

## रेजरपे पीओएस को मिला 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' का लाइसेंस

**वित्तीय** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की अग्रणी कंपनी रेजरपे की 'ऑफलाइन' भुगतान इकाई रेजरपे पीओएस को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से 'ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर' के रूप में कार्य करने का लाइसेंस मिल गया है। कंपनी ने गुरुवार को बयान में बताया कि इस प्राधिकरण के साथ रेजरपे के पास अब आरबीआई के तीनों प्रमुख लाइसेंस, ऑनलाइन पेमेंट एग्रीगेटर, क्रॉस-बॉर्डर एग्रीगेटर (दिसंबर 2025 में प्राप्त) और ऑफलाइन पेमेंट एग्रीगेटर हैं। *भाषा*

## इंडिगो का मुनाफा 78 प्रतिशत लुढ़का

पृष्ठ 1 का शेष

**इंडिगो** के मुख्य वित्त अधिकारी गौरव नेगी ने कहा, 'डीजीसीए ने संचालन रुकावटों के कारण कंपनी पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। हालांकि कंपनी इस आदेश का मूल्यांकन कर रही है और इस रकम का प्रावधान अन्य मद में किया गया है।'

उन्होंने कहा कि तीसरी तिमाही में प्रति यात्री हर किलोमीटर उड़ान पर कमाई 5.2 रुपये रहा, जो पिछले साल की समान अवधि से 4.5 फीसदी कम है मगर यह संशोधित अनुमान के मुताबिक है। इसी तरह प्रति यात्री औसत किराया प्रति किलोमीटर 5.33 रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में करीब 2 फीसदी कम है। हालांकि लोड फैक्टर (भरी हुई सीटों का हिस्सा) करीब 85 फीसदी रहा।

नेगी ने कहा कि दूसरी तिमाही की तुलना में तीसरी तिमाही के आखिर तक रुपये में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई जिससे कंपनी की मुश्किलें और बढ़ गईं।

इंडिगो के मुख्य कार्याधिकारी पीटर एल्बर्स ने पायलटों की भर्ती के बारे में पूछे गए सवाल का सीधे जवाब नहीं दिया। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि नियुक्ति लगातार चलने वाली प्रक्रिया है जिसकी नियमति रूप से समीक्षा की जाती है। उन्होंने आगे कहा कि पायलटों की नियुक्ति के लिए दीर्घावधि योजना की जरूरत होती है।

### शीर्ष 8 प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री 12% घटी

**देश** के शीर्ष आठ प्रमुख शहरों में कुल आवासीय बिक्री 2025 में 12 प्रतिशत घटकर 3,86,365 इकाई रही। हालांकि दक्षिण भारत के प्रमुख शहरों बेंगलूरु, हैदराबाद और चेन्नई में पिछले वर्ष आवासीय बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 1.33 लाख इकाई से अधिक रही। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। *भाषा*

## आठ भारतीय आईटी सेवाओं का वैश्विक क्षेत्र की ब्रांड वैल्यू में 36 प्रतिशत हिस्सा

**वैश्विक** प्रौद्योगिकी खर्च में लगातार अनिश्चितता आईटी सेवा क्षेत्र के ब्रांड मूल्यांकन पर असर डाल रही है। ब्रांड फाइनैंस की नई रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के टॉप 25 आईटी सर्विसेज ब्रांडों की कुल वैल्यू 2026 में 167.2 अरब डॉलर तक पहुंच गई, जो 2025 के मुकाबले 2 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी है।

एक्सेंचर लगातार आठवें साल दुनिया का सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड बना हुआ है। 2026 में उसकी ब्रांड वैल्यू 2 फीसदी बढ़कर 42.3 अरब डॉलर हो गई। भारत की टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस दूसरे और तीसरे सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड के तौर पर अपनी जगह बनाए हुए हैं।

वैश्विक कंपनियों में, 607.6 अरब डॉलर की ब्रांड वैल्यू के साथ ऐपल इस सूची में सर्वाधिक मूल्य के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद गूगल है। माइक्रोसॉफ्ट और एमेजॉन ने तीसरे और चौथे पायदान पर अपना दबदबा रखा है। **– बीएस**

### 2026 में सबसे मूल्यवान आईटी सेवा ब्रांड

| रैंकिंग | कंपनी | ब्रांड वैल्यू (अरब डॉलर में) |
|---|---|---|
| 1 | एक्सेंचर | 42.3 |
| 2 | टीसीएस | 21.2 |
| 3 | इन्फोसिस | 26.4 |
| 4 | आईबीएम | 11.0 |
| 5 | एनटीटी डेटा | 10.7 |
| 6 | कैपजेमिनाई | 10.5 |
| 7 | कॉग्निजेंट | 9.6 |
| 8 | एचसीएलटेक | 9.0 |
| 9 | विप्रो | 6.3 |
| 10 | सीजीआई | 4.3 |

### भारतीय ब्रांड रैंकिंग 2026

| कंपनी | रैंकिंग 2026 | रैंकिंग 2025 |
|---|---|---|
| टाटा ग्रुप | 61 | 60 |
| इन्फोसिस | 150 | 132 |
| एलआईसी | 169 | 177 |
| रिलायंस | 231 | 237 |
| एसबीआई ग्रुप | 256 | 241 |
| एचसीएलटेक | 281 | 262 |
| एलऐंडटी | 315 | 316 |
| एयरटेल | 322 | 306 |
| महिंद्रा ग्रुप | 341 | 330 |
| जियो ग्रुप | 356 | 366 |
| आईसीआईसीआई ग्रुप | 363 | 375 |
| विप्रो | 366 | 358 |
| इंडियन ऑयल | 448 | 446 |

स्रोतः ब्रांड फाइनैंस

**SBI**
**भारतीय स्टेट बैंक**
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई – 400021

**सूचना**

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण–पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो गए हैं. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण–पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर प्रमाण–पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर प्रमाण–पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के इश्यू के लिए रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) मे. केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, सेलेनियम, टॉवर बी, प्लॉट नंबर 31 और 32, फाइनेंसियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद, तेलंगाना – 500 032, (ई–मेल आईडी: **einward.ris@kfintech.com**) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर प्रमाण–पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

**भारतीय स्टेट बैंक**

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या से | प्रमाणपत्र संख्या तक | विशिष्ट संख्या से | विशिष्ट संख्या तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01867975 | बसंती देब<br>सुधांगशु भूषण देब | 1000 | 159030 | 159030 | 7426-260621 | 7426-261620 |

**उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/– के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).**

**स्थान:** मुंबई — शेयरों की संख्या: **1000** — महाप्रबंधक
**दिनांक:** 23.01.2026 — प्रमाण पत्रों की संख्या: **1** — (शेयर एवं बांड)

**जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (परिसमापन के अधीन)**
**पंजीकृत कार्यालय : स्टर्लिंग सेंटर, 401–407, चतुर्थ तल, डिवाइन चाइल्ड हाई स्कूल के सामने, अंधेरी कुर्ला रोड, चकला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई–400093 सीआईएन : L99999MH1992PLC066213**
**(माननीय एनसीएलटी के आदेश दिनांकित 26 नवंबर 2024 के अनुसार परिसमापन के अधीन एक कम्पनी)**

**ई–नीलामी हेतु सार्वजनिक घोषणा**
**दिवालियापन एवं दिवालिया संहिता, 2016 और भारतीय दिवालियापन एवं दिवालिया बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के तहत नोटिस**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा आम जनता को ई–नीलामी की सूचना दी जाती है, जिसमें जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (परिसमापन में) ("कॉर्पोरेट देनदार") के स्वामित्व वाली 7 परिसंपत्ति समूहों (नीचे दी गई तालिका में वर्णित) की बिक्री के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं, जो कॉर्पोरेट देनदार की परिसमापन संपत्ति का हिस्सा हैं। यह नीलामी दिवालियापन और दिवालियापन संहिता, 2016 ("आईबीसी") के प्रावधानों और उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार, 'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जैसा है', 'जो कुछ भी है', 'बिना किसी सहारा के' आधार पर और बिना किसी प्रतिनिधित्व, वारंटी या क्षतिपूर्ति के की जा रही है।
यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–नीलामी प्लेटफॉर्म BAANKNET (पूर्व में eBKray) के माध्यम से https://ibbi.baanknet.com ("ई–नीलामी प्लेटफॉर्म") पर, अन्य बातों के अलावा, IBBI (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 32 और 22 जनवरी, 2026 के परिसंपत्ति बिक्री प्रक्रिया ज्ञापन ("ASPM") के अनुसार की जाएगी।

**ई–नीलामी के लिए महत्वपूर्ण तिथियों की अनुसूची**

| | |
|---|---|
| पात्रता दस्तावेज और धारा 29ए वचनपत्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि | **22 फरवरी, 2026 रात्रि 8.00 बजे** |
| धरोहर राशि ("ईएमडी") जमा करने हेतु अंतिम तिथि और समय | **22 फरवरी, 2026 रात्रि 8.00 बजे** |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | **25 फरवरी, 2026 प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे** |
| अंतिम बिक्री प्रतिफल के भुगतान हेतु अंतिम तिथि | अधोहस्ताक्षरी द्वारा अंतिम बिक्री प्रतिफल के भुगतान के लिए मांग पत्र जारी करने के साठ (60) दिन के भीतर |

| क्र. सं. | संपत्ति विवरण | संपत्ति आईडी | आरक्षित मूल्य* (रुपये में) | बयाना राशि जमा (रुपये में) | वृद्धिशील मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एटलस मील कार्ट्स<br>संपत्ति आईडीः 3394 | 2634 | 2,17,41,064 | 21,74,106 | 5,00,000 |
| 2 | एटलस मील कार्ट्स<br>संपत्ति आईडीः 3544 | 2639 | 75,77,445 | 7.57.745 | 50,000 |
| 3 | एटलस मील कार्ट्स<br>संपत्ति आईडीः 3588 | 2640 | 93,68,350 | 9,36,835 | 50,000 |
| 4 | खानपान संबंधी सामान, जिनमें कटलरी, मग, गिलास शामिल हैं<br>संपत्ति आईडीः 3589 | 2641 | 8,97,38,062 | 89,73,806 | 15,00,000 |
| 5 | प्रिंटिंग और स्टेशनरी आइटम एसेट आईडीः 3590 | 2642 | 1,10,550 | 11,055 | 1,000 |
| 6 | वर्दी जिसमें कमीज, जूते और बारिश के कपड़े शामिल हैं<br>संपत्ति आईडीः 3591 | 2643 | 6,13,038 | 61,304 | 5,000 |
| 7 | फर्नीचर और अन्य सामान, जिनमें सैडल रैक भी शामिल हैं<br>संपत्ति आईडीः 3592 | 2644 | 6,082 | 608 | 500 |

**स्थानः ख नं. 1140 – 1142, लूथरा एस्टेट, राजोकरी, दक्षिण पश्चिम दिल्ली – 110038**

*इसमें कर, शुल्क, प्रभार, हस्तांतरण शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, प्रीमियम और बिक्री को पूरा करने के लिए लागू सभी आवश्यक व्यय शामिल नहीं हैं। हस्ताक्षरकर्ता द्वारा कोई भी प्रतिनिधित्व, वारंटी या क्षतिपूर्ति प्रदान नहीं की जाएगी।

**महत्वपूर्ण टिप्पणियाँः**
1. ई–नीलामी ऊपर सूचीबद्ध 7 परिसंपत्ति समूहों के लिए अलग–अलग ई–नीलामी प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जाएगी।
2. इस बिक्री सूचना को संबंधित एएसपीएम के साथ पढ़ा जाना चाहिए, जिसमें परिसंपत्तियों का विवरण, घोषणाएं, शपथ पत्र और आईबीसी की धारा 29ए के तहत पात्रता के लिए वचनबद्धताएं, और बैंकनेट पर उपलब्ध 'ई–नीलामी बिक्री के सामान्य और तकनीकी नियम एवं शर्तें' शामिल हैं।
3. इच्छुक बोलीदाताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर ई–नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवश्यक पात्रता दस्तावेज और ईएमडी जमा करना होगा।
4. इच्छुक बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे आईबीसी की धारा 29ए के तहत किसी भी प्रकार से अपात्र नहीं हैं और यदि वे किसी भी स्तर पर अपात्र पाए जाते हैं, तो उनके द्वारा जमा की गई ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
5. ई–नीलामी से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया परिसमापक के अधिकृत प्रतिनिधि श्री श्लोक नंदनपवार (91–8208503693) से jetliquidation@in.ey.com और liquidation.jet@gmail.com पर संपर्क करें। ईमेल का विषय "जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेडः संपत्ति बिक्री – खानपान और प्रशासनिक संपत्तियां दिल्ली" होना चाहिए।
6. यह स्पष्ट किया जाता है कि यह सूचना अधोहस्ताक्षरी या जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (परिसमापन में) पर बिक्री को प्रभावी बनाने के लिए किसी भी प्रकार का बाध्यकारी दायित्व नहीं डालती है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय अंतिम होगा और सभी संभावित बोलीदाताओं पर बाध्यकारी होगा।
7. यह स्पष्ट किया जाता है कि यहाँ तथा ASPM में दर्शाई गई परिसंपत्तियों का विवरण केवल सामान्य संदर्भ के उद्देश्य से ही प्रदान किया गया है। ASPM में परिभाषित प्रतिपूर्ति प्राप्त पक्ष (Indemnified Parties) किसी भी प्रकार की कमी/अशुद्धता/विसंगति/गलत कथन/चूक/परिवर्तन/अभाव या किसी भी प्रकार की त्रुटिकृचाहे वह परिसंपत्तियों के विवरण, मात्रात्मक आकलन या स्थिति से संबंधित होकृके लिए, चाहे वह इन्वेंट्री ऑडिट रिपोर्ट से उत्पन्न हुई हो या अन्यथा, तथा चाहे ऐसी विसंगति ई–नीलामी की पूर्णता से पहले, दौरान या बाद में सामने आए, किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या दायित्व से स्पष्ट रूप से इनकार करते हैं और उनके ऊपर कोई दायित्व नहीं होगा। परिसंपत्तियों की बिक्री पूर्णतः "जहाँ है जैसे है", "जैसा है वैसा है", "जैसी स्थिति में है वैसी स्थिति में" तथा "बिना किसी प्रत्यावर्तन (without recourse)" के आधार पर की जाती है और प्रतिपूर्ति प्राप्त पक्षों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई प्रतिनिर्देशन, वारंटी या क्षतिपूर्ति (जिसमें परिसंपत्तियों की मात्रा, स्थिति या गुणवत्ता से संबंधित कोई भी आश्वासन शामिल है) प्रदान नहीं की जाती। ई–नीलामी में भाग लेकर, प्रत्येक संभावित बोलीदाता यह स्वीकार करता है कि वह स्वयं अपने स्वतंत्र यथोचित परिश्रम के लिए पूर्णतः जिम्मेदार है, जिसमें परिसंपत्तियों का भौतिक निरीक्षण और सत्यापन सहित, किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं, शामिल हैय तथा वह परिसंपत्तियों की मात्रा, विवरण या स्थिति में किसी भी प्रकार की विसंगति, अभाव, त्रुटि या कमी के संबंध में, अथवा इसके परिणामस्वरूप होने वाली किसी भी प्रकार की हानि, नुकसान, लागत या व्ययकृचाहे वह पूर्वानुमेय हो या न होने के लिए प्रतिपूर्ति प्राप्त पक्षों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का कोई दावा, मांग, कार्रवाई या उपाय नहीं करेगा और ऐसे सभी दावों का परित्याग करता है।
8. सभी संभावित बोलीदाता स्पष्ट रूप से स्वीकार करते हैं कि उनकी बोलियाँ केवल उनके द्वारा किए गए उचित परिश्रम के आधार पर प्रस्तुत की जाएंगी, न कि ASPM में दी गई जानकारी पर निर्भर होकर। संभावित बोलीदाता ASPM के तहत आयोजित की जा रही ई–नीलामी के संबंध में इस आधार पर किसी भी अधिकार/दावे और/या बचाव को स्पष्ट रूप से त्याग देते हैं कि उनकी बोलियाँ इसमें दी गई जानकारी के आधार पर प्रस्तुत की गई थीं।
9. परिसमापक अपने विवेकाधिकार पर ASPM की शर्तों में संशोधन/परिवर्तन करने और बिक्री प्रक्रिया की समयसीमा में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, जिसमें ई–नीलामी की तिथियां भी शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं। परिसमापक, SCC की सलाह के अनुसार, लागू कानूनों के तहत अन्यथा प्रदान किए गए प्रावधानों को छोड़कर, बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में ई–नीलामी को रद्द/समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**हस्ता./– सतीश कुमार गुप्ता**
**जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड के परिसमापक**
IP Registration No: IBBI/IPA-001/IP-P00023/2016-17/10056
एएफए नंबर – AA1/10056/02/311226/108454
**एएफए वैधता** : 31 दिसम्बर, 2026 तक
**पत्राचार के लिए पता** : 401–407, स्टर्लिंग सेंटर, चौथा तल, अंधेरी कुर्ला रोड, चकाला अंधेरी ईस्ट, मुंबई 400093
**ईमेल** – liquidation.jet@gmail.com

**दिनांकः 23.01.2026**
**स्थानः मुंबई**

**PUBLIC NOTICE**

Public Notice is hereby given that **Mr. Ganeshlal Nathulal Paliwal**, residing at **E-4**, Hajari Baug, Station Road, Vikhroli (West), Mumbai – 400083, has acquired 50% undivided share from the legal heirs of **Late Mr. Harinath Zulan Varma** in respect of land admeasuring 5388.34 sq. yards (equivalent to 5337.00 sq. meters), bearing Plot No. 18, in Survey No. 100 (Part) and Survey No. 101 (Part), CTS No. 14 (Part) and CTS No. 15 (Part), subsequently revised and recorded as CTS No. 14B, situated at Village Hariyali, Taluka Kurla, within the Registration District and Sub-District of Bombay City and Bombay Suburban "S" Ward, Mumbai (hereinafter referred to as "the said property"). The legal heirs of **Late Mr. Harinath Zulan Varma** has executed a Release Deed dated **21st January, 2026**, thereby releasing, relinquishing, and conveying all their 50% undivided shares, right, title, interest in the said plot of land in favour of **Mr. Ganeshlal Nathulal Paliwal.** Any person or persons, including heirs, legal representatives, banks, financial institutions, bodies corporate, government or local authorities, having or claiming any right, title, interest, claim, lien, charge, mortgage, lease, license, easement, possession, or encumbrance of whatsoever nature in respect of the said property or any part thereof, are hereby required to submit their objections/claims in writing along with documentary evidence to the undersigned within 15 (fifteen) days from the date of publication hereof. Failing which, it shall be presumed that there are no claims or objections, and the transaction shall be completed without reference to any such claim, and the same shall be treated as waived and abandoned forever.

**Sd/-**
**Ashish Kumar Mishra.**
**Advocate, 401, Tanishka Commercial Premises CHS Ltd., Akurli Road, Opp. Gundecha Industrial Complex, Kandivali (East), Mumbai – 400101**
**Date: 23/01/2026** **Place: Mumbai**

**ANGEL ONE LIMITED**
**Regd. Off:** 601, 6th Floor, Ackruti Star, Central Road, MIDC, Andheri East, Mumbai - 400093 **SEBI Registration No (Stock Broker):** INZ000161534

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform you that a person operating through mobile number "9162278130", "9315342663", "7976417086", "7990563464", "8505997479" & Navin Aranya – "9772654506" has been fraudulently using our Company name Angel One Ltd. to carry out scams and illicit activities by representing themselves as our officials/representatives.
**Be Cautious with Unknown Callers Claiming to Represent Angel One -** Scammers often impersonate to gain access to your personal or financial information.
This is to inform that, "ALODMA / ALODMAPRO" applications on play store/IOS are wrongfully and deceptively using the brand name and logo of Angel One